1000225 - A1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश का पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर उत्तर दीजिए। **5**

हमारे जीवन में उत्साह का विशेष स्थान है। किसी काम को करने के लिए सदा तैयार रहना तथा उस काम को करने में आनंद अनुभव करना उत्साह का प्रमुख लक्षण है। उत्साह कई प्रकार का होता है। परंतु सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा दे। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है तब जिस सुख को वह अनुभव करता है वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। इसी उत्साह के लिए कहा भी गया है, 'साहस से भरी हुई उमंग ही उत्साह हैं।' जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दु:ख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है। दान देनेवाला व्यक्ति अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन-त्याग का साहस। यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा। इसी प्रकार युद्ध क्षेत्र में वीरता दिखानेवाले तथा दया के लिए वीरता दिखानेवाले भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्साह का कार्य करनेवाले हैं।

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए। **1**

(क) उत्साह का आनंद (ख) उत्साह

(ग) उत्साह का महत्व (घ) उत्साह का स्वरूप और महत्व

(2) उत्साह का प्रमुख लक्षण क्या है ? **1**

(क) जोश (ख) साहस

(ग) आनंद (घ) आनंद और जोश

(3) उत्साह का सच्चा लक्षण है - **1**

(क) काम करने के लिए सदा तैयार रहना

(ख) काम करने के लिए प्रेरणा देना

(ग) काम करने में आनंद अनुभव करना

(घ) काम से सुख को अनुभव करना

(4) दानी व्यक्ति किस प्रकार का साहस दिखाता है ? **1**

(क) कष्ट सहन करने का साहस

(ख) धन को त्यागने का साहस

(ग) हानि को सहन करने का साहस

(घ) प्रसन्न रहने का साहस

(5) 'वीरता' शब्द का विलोम है - **1**

(क) शूरता (ख) कायरता

(ग) निर्भिकता (घ) अधिकता

2. **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** **5**

प्रणाम का भारतीय संस्कृति में बडा महत्व है। यह अपने से बडों-श्रद्धेय तथा आदरणीय जनों के प्रति आत्मीयता का प्रतीक है। माता-पिता के अतिरिक्त समाज के सभी वृद्धजनों, गुरूजनों, अतिथियों, साधु-संतों को अपनी परंपरा के अनुसार प्रणाम करना मानव धर्म है। वस्तुत: प्रणाम जीवन रूपी क्षेत्र में आशीर्वाद का अन्न उगाने का बीजमंत्र है। प्रणाम के संबंध मे मनु की मान्यता है कि 'वृद्धजनों व माता-पिता को जो नित्य सेवा-प्रणाम से प्रसन्न रखता है, उसकी आयु - विद्या - यश और बल चारों की वृद्धि होती है। प्रणाम के बल पर ही बालक मार्कण्डेय ने सप्तर्षियों से चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त किया था। महाभारत के युद्ध के आरम्भ में युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म, गुरू द्रोण, कुलगुरू कृपाचार्य एवं महाराज शल्य को प्रणाम करके उनसे 'विजयी भव' का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रणाम की महत्ता निरूपित करते हुए संत तुलसी कहते हैं कि 'वह मानव शरीर व्यर्थ है जो सज्जनों और गुरूजनों के सम्मुख नहीं झुकता।

(1) प्रणाम किसका प्रतीक है ? **1**

(क) संस्कृति का

(ख) बडों-श्रद्धेय तथा आदरणीय जनों के प्रति आत्मीयता का

(ग) मानव धर्म का

(घ) परंपरा का

(2) प्रणाम करने वाले को क्या प्राप्ति होती है ? **1**

(क) आयु (ख) विद्या

(ग) यश (घ) उपरोक्त तीनों

(3) बालक मार्कण्डेय को चिरंजीवी होने का वरदान दिया : **1**

(क) पितामह भीष्म ने (ख) गुरू द्रोण ने

(ग) सप्तर्षियों ने (घ) युधिष्ठिर ने

(4) 'वह मानव शरीर व्यर्थ है जो सज्जनों और गुरूजनों के सम्मुख नहीं झुकता' - कथन किसने कहा ? **1**

(क) मार्कण्डेय ने (ख) मनु ने

(ग) संत तुलसीदास ने (घ) कृपाचार्य ने

(5) 'सप्तर्षि' शब्द में कौन सा समास है ? **1**

(क) द्विगु (ख) कर्मधारय

(ग) द्वंद्व (घ) तत्पुरुष

3. **निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटिए -** **5**

अभी भी कुछ लोगों के दिल में, नफरत अधिक, प्यार है कम
हम जब होंगे बडे, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बडे देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश।
भ्रष्टाचार, जमाखोरी की आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर कितना और ढ़हेगा देश।
जब हम होंगे बडे देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!
इसकी बागडोर हाथों मे, ज़रा हमारे आने दो,
थोडा सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला मे, कल से नहीं दहेगा देश।

(1) इस कविता का मूल स्वर है - **1**

(क) चुनौती का (ख) संकल्प का

(ग) प्रश्न का (घ) चिंता का

(2) कवि कौन-सा परिवेश बदलना चाह रहा है ? **1**

(क) प्यार का (ख) घृणा का

(ग) संघर्ष का (घ) शांति का

(3) कवि की अवस्था क्या है ? **1**

(क) बचपन (ख) जवानी

(ग) बुढ़ापा (घ) प्रौढ़ता

(4) कवि क्या बनना चाहता है ? **1**

(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपती

(ग) लोकनेता (घ) अधिनायक

(5) घरौंदे जैसा ढहने से क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) घरों का टूटना (ख) प्रांतों का टूटना

(ग) देश में अलगाववाद को बढ़ावा (घ) सब कुछ नष्ट होना

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

चंदा तारों की सहज कांति, नदियों में हैं मुसकान भरी,
है पवन - झकोरों में दुलार खेतों में है दौलत बिखरी
पग-पग मेरा विश्वास भरा
तप से है ये जीवन निखरा
प्रखर कर्म का पाठ सतत
पढ़ाती मैं भारत माता हूँ।
मैं व्रज सदृश विपदाओं को भी अनायास सहलेती हूँ
सुधा दान कर औरों को, मैं विष पीकर मुस्काती हूँ।
धीरज का पाठ पढाती हूँ
गौरव का मार्ग दिखाती हूँ
मैं सहज बोध, मैं सहज शक्ति
सुविवेकी भारत माता हूँ।

(1) 'खेतों में दौलत बिखरी होने' का क्या तात्पर्य है? **1**

(क) खेतों में फसल लहलहा रही है (ख) खेतों में फसल सूख रही है

(ग) खेतों में फूल खिल रहे है (घ) खेतो में फसलें नष्ट हो रही है

(2) भारत माँ को सुविवेकी क्यों कहा गया है ? **1**

(क) क्योंकि वह अपने पुत्रों को धैर्य और गौरव का पाठ पढ़ाती है।

(ख) क्योंकि वह खाने को रोटी, सोने को जमीन देती है।

(ग) क्योंकि वह वर्षा करवाने में सहायक होती है।

(घ) क्योंकि वह कमजोर पुत्र की माँ होना पसंद करती है।

(3) यहाँ की नदियों और हवा में क्या है ? **1**

(क) प्रेम एवं बंधुता का भाव (ख) मुसकान और दुलार

(ग) जल और नमी (घ) साहस और सुंदरता

(4) किसके पग में विश्वास भरा है ? **1**

(क) खेतों के (ख) बागों के

(ग) मनुष्यों के (घ) भारत माता के

(5) चंदा-तारों-सी सहज कांति' - पंक्ति में निहित अलंकार चुनिए - **1**

(क) यमक (ख) रूपक

(ग) उपमा (घ) अनुप्रास

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए - **1**

(i) वह पत्र पढता है। (ii) माँ ने कहानी सुनाई।

(iii) सान्या घर जाती है (iv) उसने मुझे अपने पिताजी से मिलवाया।

(ख) 'राजन पतंग उडा रहा हैं।'

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रिया के भेद का उचित विकल्प चुनकर लिखिए - **1**

(i) सकर्मक क्रिया (ii) अकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) प्रेरणार्थक क्रिया

(ग) निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए - **1**

(i) उछल (ii) उछला

(iii) उछाला (iv) उछाल

(घ) निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए - **1**

(i) सुना (ii) सुन

(iii) सुनवाया (iv) सुनाना

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा वाक्य सकर्मक क्रिया का विकल्प नहीं है? **1**

(i) हम नाटक देख रहे है।

(ii) रहीम लीची खाता है।

(iii) अजय ने अपने मित्र को पुस्तक दी।

(iv) नानी कहानी सुनाती है

(ख) निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उचित विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

(i) विद्यार्थी पढ़ते है (ii) वे कठिन प्रश्न हल करते है

(iii) तुम तेज दौडो (iv) वह सदा हँसता रहता है

(ग) 'अब वह कूदकर चढ़ जाता है'। वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर लिखिए- **1**

(i) कूदकर (ii) चढ़

(iii) जाता (iv) है

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? **1**

(i) वह बीमार हो गया (ii) माँ कार चला रही है।

(iii) नदी तेजी से बह रही है। (iv) साधू गा रहा था।

7. (क) 'हम रोज फुटबाल खेला करते थे।' वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) मुख्य क्रिया (ii) सहायक क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई हैं ? उचित विकल्प चुनकर लिखिए- 1

(i) रीमा हँसी। (ii) तुमने सच बोला।

(iii) तुम्हें यहाँ नहीं आने दिया जाएगा। (iv) वरूण जोरसे चिल्लाया।

(ग) निम्नलिखित में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? उचित विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) बादल घिर आये थे। (ii) जल्दी लौट आइए।

(iii) मामाजी मंयक को मिठाई दी। (iv) मैंने परीक्षा की तैयारी कर ली है।

(घ) 'आकाश में बादल .....।' रिक्त स्थान में संयुक्त क्रिया का उचित विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) घिरे (ii) नहीं घिरे

(iii) घिरेंगे (iv) घिर गये

8. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

(क) 'खीर में थोडी चीनी और डालो।' 1

(i) गुणवाचक विशेषण (ii) संख्यावाचक विशेषण

(iii) सार्वनामिक विशेषण (iv) परिणामवाचक विशेषण

(ख) 'प्रतियोगिता में नेहा को पाँच हजार रुपये का इनाम प्राप्त हुआ।'

रेखांकित विशेषण के भेद का उचित विकल्प चुनिए। 1

(i) निश्चित संख्यावाचक (ii) अनिश्चित संख्यावाचक

(iii) परिणामवाचक (iv) गुणवाचक

(ग) 'आत्मा' शब्द से बने विशेषण का उचित विकल्प चुनिए। 1

(i) आत्मनिर्भर (ii) परमात्मा

(iii) आत्मन (iv) आत्मीय

(घ) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है। उचित विकल्प चुनिए। 1

(i) दयावान (ii) दयालु

(iii) दयार्द्र (iv) दया

9. (क) 'ध्यानपूर्वक'में क्रियाविशेषण के उचित भेद का विकल्प चुनिए। 1

(i) परिमाणवाचक (ii) कालवाचक

(iii) स्थानवाचक (iv) रीतिवाचक

(ख) 'वह' अचानक चल पडा' वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण का उचित विकल्प चुनिए। 1

(i) परिमाणवाचक (ii) कालवाचक

(iii) स्थानवाचक (iv) रीतिवाचक

(ग) 'मामाजी, चलिए आपको ..... छोड आऊँ।'

रिक्त स्थान की पूर्ति क्रियाविशेषण के उचित विकल्प को चुनकर कीजिए। 1

(i) घर (ii) दिल्ली

(iii) बाहर (iv) अन्दर

(घ) निम्नलिखित में से क्रिया विशेषण का कौन-सा विकल्प उचित नहीं है? 1

(i) आजकल (ii) धीरे-धीरे

(iii) शिमला (iv) वहाँ

खंड 'ग'

10. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

कातिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रमातियाँ शुरू हुई, जो फागुन तक चला करतीं। इन दिनों वह सवेरे ही उठते। न जाने किस वक्त जगकर नदी-स्नान को जाते - गाँव से दो मील दूर। वहाँ से नहा धोकर लौटते और गाँव के बाहर ही, पोखरे के उँचे मिंडे पर, अपनी खजंड़ी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते। मैं शुरू से ही देर तक सोनेवाला हूँ, किंतु, एक दिन माघ की उस दाँत किटकिटानेवाली भोर में भी, उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था।

(i) अवतरित गद्यांश के पाठ के लेखक के नाम का उचित विकल्प चुनिए - 1

(क) स्वयंप्रकाश (ख) समवृक्ष बेनीपुरी

(ग) यशपाल (घ) कबीर

(ii) भगत की प्रमातियाँ कब से कब तक चलती थी ? 1

(क) कातिक से माघ तक (ख) फागुन से माघ तक

(ग) माघ से फागुन तक (घ) कातिक से फागुन तक

(iii) नदी गाँव से कितनी दूर थी ? 1

(क) पाँच मील (ख) चार मील

(ग) दो मील (घ) दस मील

(iv) 'उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था' में किसके संगीत की बात की जा रही है ? **1**

(क) कबीर की (ख) बालगोबिन भगत की

(ग) लेखक की (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) 'नदीस्नान'में कौन सा समास है? **1**

(क) अव्ययीभाव (ख) द्विगु

(ग) कर्मधारय (घ) तत्पुरुष

अथवा

हालदार साहब को यह सब बहुत विचित्र और कौतुकभरा लग रहा था। इन्हीं ख्यालों में खोए-खोए पान के पैसे चुकाकर, चश्मेवाले के देशभक्ति के समक्ष नतमस्तक होते हुए जीप की तरफ चले, फिर रुके, पीछे मुड़े और पानवाले के पास जाकर पूछा, क्या कैप्टन चश्मेवाला नेताजी का साथी है ? या आजाद हिंद फौज का भूतपूर्व सिपाही ?

पानवाला नया पान खा रहा था। पान पकडे अपने हाथ को मुँह से डेढ़ इंच दूर रोककर उसने हालदार साहब को ध्यान से देखा फिर अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाई और मुसकराकर बोला, 'नहीं साब ! वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए - **5**

(i) अवतरित गद्यांश के पाठ के नाम का उचित विकल्प चुनिए - **1**

(क) चश्मेवाला (ख) नेताजी का चश्मा

(ग) आजाद हिंद फौज (घ) लखनवी अंदाज

(ii) हालदार साहब को कौन सी बात विचित्र और कौतुकभरी लग रही थी? **1**

(क) पानवाले की बात (ख) नेताजी की मूर्ति और कैप्टन चश्मेवाले की बात

(ग) मास्टर मोतीलाल की बात (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iii) कैप्टन चश्मेवाला कौन था ? **1**

(क) नेताज़ी का साथी (ख) आजाद हिंद फौज का सिपाही

(ग) चश्मे बेचने वाला एक साधारण फेरीवाला (घ) फौज में कैप्टन

(iv) आजाद हिंद फौज का गठन किसने किया ? **1**

(क) सुभाषचंद्र बोस (ख) महात्मा गाँधी

(ग) जवाहरलाल नेहरु (घ) वल्लभभाई पटेल

(v) 'लाल-काली बत्तीसी' - में कौन सा विशेषण है? **1**

(क) स्थानवाचक (ख) गुणवाचक

(ग) सार्वनामिक (घ) परिमाणवाचक

11. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **2x5=10**

(क) बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व और वेशभूषा का शब्दचित्र प्रस्तुत कीजिएगा। **2**

(ख) नवाब साहबने बहुत ही यत्न से खीरा काटा, नमक-मिर्च बुरका, अंततः सूंघकर ही खिड़की से बाहर फेक दिया। उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा ? **2**

(ग) भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे। किस घटना के आधार पर यह सिद्ध होता है ? **2**

(घ) आप अपने इलाके के चौराहे पर किस व्यक्ति की मूर्ति स्थापित करवाना चाहेंगें और क्यों ? **2**

(ङ) हालदार साहब पहले मायूस क्यों हो गये थे ? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **5**

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन
तप्त धरा, जल से फिर,
शीतल कर दो
बादल गरजो

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए। **1**

(ii) कौन विकल, और उन्मन थे और क्यों ? **1**

(iii) यहाँ 'निदाघ' किसका प्रतीक है ? **1**

(iv) पद्यांश में प्रयुक्त अनुप्रास अलंकार का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। **1**

(v) पद्यांश के भाषा-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। **1**

अथवा

पाँयनि नूपुर मंजु बजै, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।
साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई।
माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मन्दिर-दीपक सुन्दर, श्री ब्रजदूलह 'देव' सहाई।।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

(i) श्रीकृष्ण ने कौन-कौन से आभूषण कहाँ-कहाँ पहन रखे है ? **1**

(ii) श्रीकृष्ण के नेत्र और मुख के सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। **1**

(iii) जग-मंदिर-दीपक कौन है और क्यों ? **1**

(iv) रूपक अलंकार का एक उदाहरण छाँटकर लिखिए। **1**

(v) पद्यांश किस भाषा में लिखा गया है ? **1**

13. **निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए -** 5

(क) कवि आत्मकथा लिखने से क्यो बचना चाहता है ? 2

(ख) कवि की आँख फागुन की सुंदरता से नही हट रही हैं। 1

(ग) गोपियों ने किन किन उदाहरणो के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए ? 2

14. 'माता का आँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है, वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है ? 5

अथवा

'जॉर्ज पंचम' की लाट की नाक को पुन: लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या क्या यत्न किए ? 5

खंड 'घ'

पत्र-लेखन

15. आयुष / आयुषी की ओर से एक पत्र उनके मित्र / सखी रंजन / रंजना को लिखिए, जिसमें आई आई टी प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर उसे बधाई दी गई हो। 5

अथवा

आपको विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय तैराकी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने अहमदाबाद भेजा गया।वहाँ पर आपने प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिस्पर्धा में प्रथम आने पर हुए अनुभव का वर्णन करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए। 5

16. **नीचे दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए।** 5

'मित्रता - अनमोल धन'

सच्ची मित्रता - अनमोल धन ..... सच्चे मित्रके गुण एवं महत्व ..... सच्ची मित्रता की पहचान ..... सच्ची मित्रता जीवन का वरदान

अथवा

'विद्यार्थी और फैशन'

अर्थ ..... अमंगलकारी ..... आधुनिकता का झूठा दिखावा ..... विद्यार्थियां को लक्ष्य भ्रमित करनेवाला ..... जिम्मेदार कौन ..... युवाओं से अपेक्षा। 5

- o O o -